# संयुक्त निरीक्षण टिप्पणी/प्रमाण पत्र

इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा ग्राम–भेलौहा, तहसील–इटवा, जनपद–सिद्धार्थनगर में स्थित गाटा सं0–401क, 401ख व 402 में रिटेल आउटलेट की स्थापना के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जो जनपद–सिद्धार्थनगर में इटवा–ढेबरूआ मार्ग (वस्ती–डुमरियागंज–बढ़नी मार्ग संरक्षित वन) पर किमी0 स्टोन नं0–31 (SH.76) के दायी पटरी पर प्रस्तावित है, जिसका संरक्षित वन भूमि का क्षेत्रफल 0.075028 हे0 है।

प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण उप प्रभागीय वनाधिकारी, डुमरियागंज, क्षेत्रीय वन अधिकारी, इटवा एवं इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के साथ अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 13-01-2016 को किया गया। उक्त रिटेल आउटलेट से वाहनों आदि के आवागमन के लिए एप्रोच मार्ग के निर्माण हेतु भूमि के आगणन के अनुसार कुल 0.075028 हे0 संरक्षित वन भूमि की गैर वानिकी प्रयोग हेतु आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि नहीं है। भूमि की मांग न्यूनतम है।

उक्त रिटेल आउटलेट ग्राम–भेलौहा में प्रस्तावित है तथा नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत नहीं है।

उक्त पेट्रौल पम्प की स्थापना हेतु भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार बचनवद्धता प्रमाण पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न है।

उक्त रिटेल आउटलेट के क्षेत्र में पुरातात्विक स्थल/हेरिटेज स्थल/रक्षा प्रतिष्ठान/अन्य कोई महत्वपूर्ण स्मारक स्थल नहीं है और न ही वनस्पति और प्राणिजगत की दुर्लभ/संकटापन्न/विशिष्ट प्रजातियां पायी जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| क्षेत्रीय वन अधिकारी<br>इटवा रेन्ज। | उप प्रभागीय वनाधिकारी<br>डुमरियागंज। | प्रभागीय निदेशक<br>सामाजिक वानिकी वन प्रभाग<br>सिद्धार्थनगर। |

Vipul Prasad
Sales Officer (RS) Retail
Indian Oil Corporation Ltd. (MD)
Gorakhpur